# राष्ट्रीय सेवा योजना

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु
सिद्धार्थनगर– 272202 उ0प्र0 (भारत)
Website :www.suksn.edu.in, Email Id: nsssuk2018@gmail.cor

पत्रांकः 712 /रा0से0यो0/सि0वि0वि0/2025 दिनांक 14/ 06 /2025

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/कार्यक्रम अधिकारी,
राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई
सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु
सिद्धार्थनगर।

विषय– 11 वॉ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2025 एवं योग सप्ताह (15 जून, 2025 से 21 जून, 2025 तक) के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या–245/सत्तर–रा0से0यो0को0–2025 दिनांक 13 जून, 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें योग सप्ताह (15 जून, 2025 से 21 जून, 2025 तक) एवं 11 वॉ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2025 के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम एवं अन्य गतिविधियों के आयोजन सम्बन्धी दिशा–निर्देश दिये गये है।

तद्क्रम में आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि राष्ट्रीय सेवा योजना के अपने इकाइयों द्वारा 11 वॉ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2025 एवं योग सप्ताह (15 जून, 2025 से 21 जून, 2025 तक) का आयोजन कराने का कष्ट करें तथा प्रत्येक दिवस की व्यक्तिगत/सामूहिक योगाभ्यास की फोटो तथा रिपोर्ट भारत सरकार के आयुष कवच ऐप एवं mygov.in ऐप पर एवं उ0प्र0 शासन के पोर्टल iyd2025.com पर अपलोड करें साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय के ई–मेल nsssuk2018@suksn.edu.in पर प्रेषित कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोक्त

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

पत्रांक एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. वैयक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. सम्बन्धित पत्रावली।

कार्यक्रम समन्वयक

संख्या—245 / सत्तर—रा0से0यो0को0—2025

**प्रेषक,**

डॉ0 मंजू सिंह,
विशेष कार्याधिकारी एवं
राज्य सम्पर्क अधिकारी,
उत्तर प्रदेश शासन।

**सेवा में,**

1— कार्यक्रम समन्वयक,
एन0एस0एस0 से सम्बन्धित समस्त विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।

2— उप शिक्षा निदेशक, (माध्यमिक) मण्डल
एन0एस0एस0 से सम्बन्धित समस्त मण्डल, उत्तत्तर प्रदेश।

**उच्च शिक्षा (राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक) विभाग** **लखनऊः दिनांक 13 जून, 2025**

**विषय- 11वाँ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2025 एवं योग सप्ताह (15 जून, 2025 से 21 जून, 2025 तक) के आयोजन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रमुख सचिव आयुष विभाग उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या-2384 / 96—आयुष-1—2024—87/2018, दिनांक 10 जून, 2025, डॉ0 विनीत जोशी, सचिव, उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या-29-2/2025-s&s दिनांक 22 मई, 2025 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। योग सप्ताह (15 जून, 2025 से 21 जून, 2025 तक) एवं 11वाँ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2025 के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन निम्नवत किया जाय :-

- आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम **"Yoga for One Earth, One Health/"एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिये योग"** रखी गयी है।
- इस वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक लोगों को योग का लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से योग सप्ताह (15 जून, 2025 से 21 जून, 2025 तक) के आयोजन का प्रस्ताव है।
- **योग अनप्लग्ड-** युवा पीढ़ी को योग अनप्लग्ड ब्रांडिंग के तहत योग की ओर आकर्षित करने के लिए सोशल मीडिया आधारित राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय योग प्रतियोगिताएँ का आयोजन करना।
- उच्च शिक्षा विभाग के अधीन समस्त विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/शिक्षण संस्थाओं द्वारा योग सप्ताह (15 जून से 21 जून, 2025) के अन्तर्गत सेमिनार, कार्यशाला, संगोष्ठी, भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, आशुभाषण प्रतियोगिता एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाना एवं सोशल मीडिया में (#IDY2025, #YogaforOneEarthOneHealth) प्रचारित किया जाना है। शिक्षण संस्थानों में युवाओं की प्रतिभागिता कराते हुये साइकिल यात्रा एवं पद यात्रा का आयोजन किया जाना है।
- **हरित योग-** एक नई पहल जो योग के सिद्धान्तों को पर्यावरण के संरक्षण की अवधारणा के साथ जोड़ती है। इसमें प्राकृतिक स्थानों पर योगाभ्यास के साथ-साथ वृक्षारोपण और सफाई अभियानों को जोड़ा जाना सुनिश्चित किया गया है।
- शिक्षण संस्थानों के आस-पास प्राकृतिक स्थानों, अमृत जलाशयों के किनारों, पार्कों में योग सत्रों का आयोजन करना एवं जहाँ पर प्रकृति संरक्षण हेतु **"एक पेड़ माँ के नाम "** कार्यक्रम के अन्तर्गत पौधा रोपड़ किया जाना है, साथ-साथ स्वच्छता कार्यक्रम का भी आयोजना किया जाना है।

- **महिला सशक्तीकरण के लिये योग**-दिनांक 20 जून को महिलाओं की अधिकतम प्रतिभागिता कराते हुए योग सत्र का आयोजन किया जाना है।
- योग सप्ताह के अंतिम दिवस (21 जून, 2025) पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र वितरण तथा समापन सत्र का आयोजन किया जाना है।
- **सभी शिक्षण संस्थानों में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का इस वर्ष की थीम व लोगो के साथ में बैनर/पोस्टर/स्टैन्डी लगाना अपेक्षित है। आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित कॉमन योगा प्रोटोकॉल के अन्तर्गत प्रातः 06:00 बजे 08:00 बजे तक तथा पूर्वाह्न 11:00 बजे से 01:00 बजे तक अथवा अपराह्न में सुविधाजनक समय का निर्धारण करते हुये योगाभ्यास तथा योग सत्र का आयोजन कराना सुनिश्चित करें।**
- **राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के विशेष अभियान का आयोजन– "योग अनप्लग्ड यू पी एनएसएस–यूथ लेड योग फॉर वेलनेस" "(Yog Unplugged UP NSS- Youth Led Yog For Wellness) के अंतर्गत प्रत्येक विश्वविद्यालय एवं उप शिक्षा निदेशक, माध्यमिक मण्डल उ0प्र0 अपने स्तर से वेबिनार/कार्यशाला आयोजित करें तथा शासन एवं भारत सरकार के प्रतिनिधियों को अवश्य आमंत्रित करें।**

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि योग सप्ताह (15 जून, 2025 से 21 जून, 2025 तक) के प्रत्येक दिवस की व्यक्तिगत/सामूहिक योगाभ्यास की फोटो तथा रिपोर्ट भारत सरकार के आयुष कवच ऐप एवं mygov.in ऐप पर एवं उ0प्र0 शासन के पोर्टल iyd2025.com पर अपलोड करें तथा कृत कार्यवाही की सूचना शासन के ई–मेल-upsno.luck@gmail.com एवं भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, लखनऊ के ई–मेल– nssrclucknow@gmail.com पर प्रेषित करें।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय,
(हस्ताक्षर) 13.06.2025
(डॉ0 मंजू सिंह)
विशेष कार्याधिकारी एवं
राज्य सम्पर्क अधिकारी।

संख्या–245/सत्तर–रा0से0यो0को0–2025–तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(1) निजी सचिव, प्रमुख सचिव को प्रमुख सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
(2) निजी सचिव, विशेष सचिव को विशेष सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
(3) निदेशक, भारत सरकार, राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय, नई दिल्ली।
(4) निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज।
(5) क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय, हाल नं0–1 आठवां तल, केन्द्रीय भवन, सेक्टर–एच0, अलीगंज, लखनऊ।
(6) कुलसचिव, राष्ट्रीय सेवा योजना से संबंधित समस्त विश्वविद्यालय, उ0प्र0 को इस आशय से प्रेषित कि उक्त के सन्दर्भ में अपने स्तर से आवश्यक कार्यवाही करें।

आज्ञा से,
(हस्ताक्षर) 13.06.2025
(डॉ0 मंजू सिंह)
विशेष कार्याधिकारी एवं
राज्य सम्पर्क अधिकारी।